245

# कार्यालय, निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना।

WE SERVE TO SAVE
BFS
BIHAR FIRE SERVICE

पत्रांक / ऑडिट 3011.I.D-02-F.O-2022,Part-VII
दिनांक 24.04.2025....


☎ 0612–2222020
✉ sfocumdirector-bih@gov.in


सेवा में,

**बी0 पी0 एल0 रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल,**
**ग्राम–अजवा, थाना–नौबतपुर, पटना।**
(E-Mail ID- bplschool1995@gmail.com )
Mob No-9297533111

प्रसंगः– इस कार्यालय का ज्ञापांक 913 दिनांक 24.02.2025

विषयः– संशोधित अग्नि अंकेक्षण प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा दिनांक **24.06.2024** अग्नि अंकेक्षण हेतु आवदेन समर्पित किया गया था। अनुमण्डल अग्निशामालय पदाधिकारी, **फुलवारीशरीफ** द्वारा दिनांक **23.07.2024** को अग्नि अंकेक्षण कर बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के नियम 22(ख) में वर्णित प्रपत्र 'श' निर्गत किया गया। अग्नि अंकेक्षण के दौरान पायी गई कमियों/त्रुटियों का निराकरण किया गया है।

इस प्रकार, बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली 2021 एवं राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 के तहत भवन/ परिसर में अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा के उपाय क्रियाशील एवं पर्याप्त प्रतीत हो रहे है।

अतः उक्त संस्थान का वार्षिक अग्नि अंकेक्षण प्रमाण–पत्र निर्गत किया जा रहा है। इसकी वैद्यता निर्गत की तिथि से एक वर्ष की होगी। संबंधित संस्थान के प्रबंधक/मालिक उक्त संस्थान के प्रमाण पत्र की वैद्य तिथि से पूर्व अग्नि अंकेक्षण कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त पर निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

अपर निदेशक–सह–
सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी,
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः–1. जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
2. अनुमण्डल अग्निशामालय पदाधिकारी, **फुलवारीशरीफ** को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

24/04

अपर निदेशक–सह–
सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी,
बिहार, पटना।

# कार्यालय, निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना।

पत्रांक / ऑडिट 913 Id-02-fo-2022 part-VII
दिनांक 24.02.2025

☎ 0612–2222020
✉ sfocumdirector-bih@gov.in

सेवा में,

**बी0 पी0 एल0 रेसिडेन्सियल पब्लिक स्कूल,**
**अजवाँ, नौबतपुर, पटना।**
(E-mail:- bplschool1995@gmail.com)

विषयः– अग्नि अंकेक्षण प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना हैं कि **डॉ0 ए0 हुसैन क्लिनिक, मोती चौक खगौल, गाँधी स्कूल रोड, पटना** में अवस्थित है। अनुमण्डल अग्निशामालय पदाधिकारी फुलवारीशरीफ द्वारा दिनांक **23.07.2024** को अग्नि अंकेक्षण किया गया है। पुनः दिनांक **29.01.2025** को जाँच कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 एवं बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली 2021 के तहत लगाये गये अग्निशमन यंत्र सुरक्षा दृष्टिकोण से पर्याप्त प्रतीत होते हैं।

अतः उक्त संस्थान का वार्षिक अग्नि अंकेक्षण प्रमाण–पत्र निर्गत किया जा रहा है इसकी वैद्यता दिनांक **22.07.2025** को समाप्त हो जायेगी। संस्थान प्रबंधक / मालिक पुनः दिनांक **23.07.2025** को अग्नि अंकेक्षण कराना सुनिश्चित करें।

ह0 / –
निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः– 01.जिला समादेष्टा–सह–जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

02.अनुमण्डल अग्निशामालय पदाधिकारी, **फुलवारीशरीफ** को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

24/2/25
निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी
बिहार, पटना।

AFFILIATION NO.: 330471 SCHOOL NO.: 65450

# B.P.L. RESIDENTIAL PUBLIC SCHOOL

Run by : Navyug Nirman Shaikshanik Sansthan (Regd. No. 1072/02)

AFFILIATED TO CBSE, DELHI (10+2 LEVEL)

BPL/PAT/ FO/263-2025 11.04.2025

OC

सेवा में,

निदेशक–सह–राज्य अग्निशमन पदाधिकारी,

बिहार, पटना।

विषयः– निर्गत अग्नि अंकेक्षण प्रमाण पत्र में अपेक्षित सुधार के संबंध में।

महाशय,

निवेदनपूर्वक कहना है कि भवदीय के कार्यालय से पत्रांक–913 दिनांक–24.02.2025 द्वारा बी०पी०एल० रेसिडेन्सियल पब्लिक स्कूल, अजवाँ, नौबतपुर, पटना को अग्नि अंकेक्षण प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था, जिसमें विद्यालय के जगह डॉ० ए० हुसैन क्लिनिक, मोती चौक, खगौल, गाँधी स्कूल रोड, पटना अंकित हो गया है, जबकि बी०पी०एल० रेसिडेन्सियल पब्लिक स्कूल, अजवाँ, नौबतपुर, पटना होना चाहिए।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि विद्यालय को निर्गत अग्नि अंकेक्षण प्रमाण पत्र में अपेक्षित सुधार करने की कृपा की जाय, ताकि ससमय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में सम्बद्धता विस्तार हेतु विद्यालय आवेदन कर सके।

आपका विश्वासी

Sunil Kr Mahto

प्रबंधक
Manager
B.P.L. Res. Pub. School
Ajwan Naubatpur, Patna

अनुलग्नक–

1. पत्रांक–913 दिनांक–24.02.2025 द्वारा निर्गत अग्नि अंकेक्षण प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पटना को सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल अग्निशमन पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा दिनांक–13.03.2025 को अनुशंसित पत्र की छायाप्रति।

रा० अ० प० कार्या० बिहार पटना
प्राप्ति दिनांक 11/04/2025

AJWAN, NAUBATPUR, PATNA-801109

Phone : 9297533111, 7360030917 | E-mail : bplschool1995@gmail.com | Website : www.bplrpschool.com